# महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालयः

**MAHARSHI PANINI SANSKRIT EVAM VEDIC VISHWAVIDYALAYA**

(मध्यप्रदेश शासन अधिनियम 2006 (15 अगस्त 2008) द्वारा स्थापित)

देवासमार्ग, उज्जैन, मध्यप्रदेश – 456010

E-mail – regpsvvmp@rediffmail.com, Website- www.mpsvv.ac.in


म.पा.सं.वि./ज्यो./ दिनांक 20/09/2023

**महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।**

**एवं**

**ठाकुर पर्वतसिंह संग्रहालय,**

**अश्विनी शोध संस्थान महिदपुर**

**समझौता ज्ञापन (MOU)**

**निदेशक**
ठाकुर पर्वतसिंह संग्रहालय,
अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर

**कुलसचिव**
महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।

उपर्युक्त पक्षकार अधोलिखित अनुसार समझौता ज्ञापन कर महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय में पुरातत्त्व संग्रहालय के विकास हेतु परस्पर सहमत हैं। इसके साथ ही वास्तु एवं पुरातत्त्व क्षेत्र के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, प्राध्यापकगण एवं सामाजिकों के हितार्थ कार्य करने के लिए परस्पर सहमत हैं। संग्रहालय हेतु उक्त तथ्यों पर हम सहमत हैं -

1. यह पुरातत्त्व संग्रहालय, जो कि ठाकुर पर्वतसिंह संग्रहालय, अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर के सहयोग से महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के ज्योतिष एवं ज्योतिर्विज्ञान विभाग में लघु स्तर पर स्थापित किया गया था। इसे विश्वविद्यालय स्तर पर स्वतन्त्र पुरातत्त्व संग्रहालय के रूप में स्थापित किया जाएगा।
2. हम दोनों संस्थाएँ इस पर सहमत हैं कि इस संग्रहालय का व्यवस्थापन विश्वविद्यालय के वास्तुविभाग द्वारा किया जावेगा तथा ठाकुर पर्वत सिंह संग्रहालय के निदेशक इसके मार्गदर्शक रहेंगे।

3. हम दोनों संस्थाएँ सहमत हैं कि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति एवं ठाकुर पर्वतसिंह संग्रहालय के वर्तमान निदेशक डॉ. आर.सी. ठाकुर इसके संरक्षक रहेंगे।
4. हम दोनों सहमत हैं कि इस संग्रहालय का नाम "आचार्य विश्वकर्मा वास्तु एवं पुरातत्त्व संग्रहालय" होगा।
5. हम ज्ञान संसाधन का आदान प्रदान और विकास के लिए पुस्तकालय, प्रकाशन व अन्य शिक्षण सहायक सामग्री को साझा करेंगे।
6. समय समय पर संग्रहालय द्वारा विश्वविद्यालय के छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा संग्रहालय की विशिष्ट गतिविधियों से समाज को जोड़ने में उनका कार्यकर्ता रूप में सहयोग लिया जाएगा।

**महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन**

**एवं**

**ठाकुर पर्वतसिंह संग्रहालय, महिदपुर**

संयुक्त रूप से उक्त विषयों में साथ मिलकर कार्य करने के लिये सहमत हैं।

निदेशक
ठाकुर पर्वतसिंह संग्रहालय,
अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर

निदेशक
अश्विनी शोध एवं अनुसंधान संस्था, महिदपुर

कुलसचिव
महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन।

Maharshi Panini Sanskrit Evam Vedic University
UJJAIN (M.P.)